बड़े ब्रांड्स के लेबल पर बन रहा था नकली घी, दिल्ली के नजदीक पुलिस ने पकड़ी फैक्ट्री, 5 गिरफ्तार

Delhi Fake Ghee Factory: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली देसी घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. इस वारदात में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. ये फैक्ट्री हरियाणा के जींद मे चल रही थी. पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की निशानदेही पर गोदाम से अमूल, वेरका, नेस्ले, एव्री-डे, मधुसूदन, आनंद, परम्, मदर डेयरी, पतंजलि आदि की पैकेजिंग मेटीरियल बरामद हुआ है.
पकड़े गए आरोपियों में से दो हरियाणा और तीन दिल्ली के हैं. अमूल और ईनो कंपनी के अफसरों ने जांच के बाद बताया कि माल नकली है, जिसे उनकी कंपनियों ने नहीं बनाया है. इसके लिए सदर बाजार से डुप्लीकेट प्रोडक्ट लाए जा रहे थे.

दिल्ली एनसीआर की आधा दर्जन लोकेशन पर हुई छापेमारी
दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के मुताबिक, उन्हें दिल्ली एनसीआर में नकली घी बनाने वाली इन फैक्ट्री के बारे में जानकारी मिली थी. इसके बाद क्राइम ब्रांच संदिग्ध लोगों पर लगातार नजर रखे हुए थी, क्योंकि पुलिस के पास बेहद स्पेसिफिक इनपुट था इसलिए अमूल और इनो कंपनी के प्रतिनिधियों को भी क्राइम ब्रांच ने छापेमारी के दौरान अपने साथ रखा हुआ था. इससे की असली और नकली घी की पहचान तुरंत मौके पर की जा सके.

Source: https://www.abplive.com/states/delhi-ncr/fake-ghee-factory-found-in-jind-delhi-crime-brance-arrested-five-ann-2818878